प्रेषक

मुख्य वैज्ञानिक व हेड/संयोजक
कृषि विज्ञान केन्द्र
सदलपुर (हिसार)

सेवा में,

सरपंच ग्राम पंचायत,

बालावास, सदलपुर, नंगथला, हाजमपुर, लुदास, बीड हांसी, रांगड़ालन, खरकडा, गैबीपुर, साहू, सुलखनी, मंगाली झारा, खेरी लोचब, भाटला, चावरवाल, पानान,खरी रोज, दाहिमा, कुम्भा खेरा, उकलाना, रामायण, खेरा रंगराण, मंगाली आकलन, नाथवाना, मंगाली ब्राह्मण
जिला हिसार (हरियाणा)

नं0:– के. वी. के /हिसार/2023/428-452 दिनांक: 08.08.2023

विषयः स्वरोजगार हेतू अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पॉच दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण बारे आमंत्रण

चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, गाँव सदलपुर, जिला-हिसार (हरियाणा) द्वारा अनुसूचित जाति एव जनजाति के बेरोजगार नवयुवक एवं युवतियों के लिए हिसार जिले में वर्ष 2023–24 के लिए पॉच दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षणों का आयोजन माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ बी.आर. काम्बोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व डॉ बलवान सिंह मण्डल, निदेशक विस्तार शिक्षा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। प्रशिक्षण में 40% से ज्यादा अनूसूचित जाति की आबादी वाले गाँवो व अपाहिज/ विधवा/ बेसहारा/जरूरतमंद/बेरोजगार व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी | एक ही परिवार से या पहले प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति को दुबारा प्रशिक्षण नही दिया जाएगा | इन प्रशिक्षणों का उद्देष्य इन लोगों के जीवन स्तर में सुधार एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षणार्थी की आयु 18 - 45 साल से ज्यादा न हो तथा प्रशिक्षण से सम्बन्धित कुछ सामान्य ज्ञान आवश्यक है प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार हेतू कुछ सहायता सामग्री भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। ईच्छुक व्यक्ति प्रशिक्षण से सम्बन्धित कुछ सामान्य ज्ञान रखता हो और जिला हिसार का निवासी हो। उम्मीदवारो की उपलब्धता के आधार पर तिथि स्थान आयु शिक्षा और मानदंड में परिवर्तन किया जा सकता है। आपसे अनुरोध है कि आपके गांव से एक या दो ग्रामीणों (जिन्होंने पहले इस के.वी.के या अन्य सरकारी संस्था से इस प्रकार का कोई प्रशिक्षण अथवा वितीय सहायता ना ली हो), का चयन करके ग्राम समिति के मेम्बर के हस्ताक्षर के बाद भेजे। दिनांक 15.09.2023 से पहले नामांकित उम्मीदवारों का नाम भेजें। बाद में कोई नामांकन स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रतिभागियों का चयन दिनांक 15.09.2023 को 8 बजे सुबह, कृषि विज्ञान केंद्र (गाँव सदलपुर) किया जाएगा। अपना जाति प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड , फॅमिली पहचान पत्र,वार्षिक आय प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र, 2 रंगीन फोटो, बैंक पासबुक आदि मूल दस्तावेज (1 फोटो कॉपी भी साथ साथ लाये)। प्रशिक्षणार्थी की व्यक्तिगत उपस्थिति जरुरी है । सबसे पहले अपाहिज/ विधवा/ बेसहारा/जरूरतमंद/बेरोजगार व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी इसके बाद बाकी बची सीटो पर चयन ड्रा द्वारा किया जाएगा| प्रशिक्षण की तारिख चयनित उमीदवारो को मौके ही पर बता दी जायेगी | इस सम्बन्ध में प्रशिक्षणार्थी को एक शपथ पत्र गांव के सरपच से हस्ताक्षर करवाकर कार्यालय में देना होगा । किसी अन्य व्यक्ति या विभाग/ अधिकारी की सिफारिश न करे अन्यथा नामांकन रद कर दिया जाएगा | प्रशिक्षणों की तिथियां एवं स्थान बदले भी जा सकते है। प्रशिक्षण इस प्रकार है:

क्र.सं.	विवरण	स्थान	प्रशिक्षण संयोजक
1.	कटिंग व टेलरिंग	कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर (हिसार)	डॉ विनीता जैन 9896664292/ डॉ0 कुलदीप कुमार - 8168932769
2.	कटिंग व टेलरिंग	कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर (हिसार)	डॉ विनीता जैन 9896664292 / डॉ0 पंकज कुमार . 8901419014
3.	फल व सब्जी परिरक्षण	कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर (हिसार)	डॉ0 कुलदीप कुमार - 8168932769
4.	बेकरी	कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर (हिसार)	डॉ0 पंकज कुमार - 8901419014
5.	दूध व दूध से बने उत्पाद	कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर (हिसार)	डॉ0 कुलदीप कुमार - 8168932769
6.	बेकरी	कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर (हिसार)	डॉ0 नरेन्द्र कुमार - 9050311209
7.	नर्सरी उत्पादन	कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर (हिसार)	डॉ0 दिनेश कुमार - 7988226585

कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर (हिसार), मण्डी आदमपुर से 6 किलो मीटर दूर स्थित है।

कुलदीप कुमार 8/8/2023
Coordinator
KVK Sadalpur (Hisar)
मुख्य वैज्ञानिक व हेड/संयोजक
कृषि विज्ञान केन्द्र सदलपुर (हिसार)

प्रतिलिपि:

1. रजिस्ट्रार, चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, जानकारी के लिए।
2. विस्तार शिक्षा निदेशक, चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, जानकारी के लिए।
3. लेखानियन्त्रक, चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, जानकारी के लिए।
4. अनुसन्धान निदेशक, चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, जानकारी के लिए।
5. निदेशक, अटारी,भा. कृ. अ. प. जोधपुर, जानकारी के लिए
6. अध्यक्ष, एससी / एसटी फेडरेशन, चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, जानकारी के लिए।
7. समस्त विभागाध्यक्ष, चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, जानकारी के लिए।
8. डिप्टी कमिशनर हिसार जानकारी के लिए।
9. अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर, हिसार जानकारी के लिए।
10. प्रेस मिडिया (लोकल आदमपुर)
11. इन्चार्ज, कंप्यूटर सेक्शन, चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, जानकारी एवं वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
12. प्रेस मिडिया, चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार प्रेस हेतु |
13. मुख्य सम्पादक, समाचार पत्र , हिसार